# परशुराम चालीसा in Hindi

॥ दोहा ॥
श्री गुरु चरण सरोज छवि,निज मन मन्दिर धारि।
सुमरि गजानन शारदा,गहि आशिष त्रिपुरारि॥

बुद्धिहीन जन जानिये,अवगुणों का भण्डार।
बरणों परशुराम सुयश,निज मति के अनुसार॥

॥ चौपाई ॥
जय प्रभु परशुराम सुख सागर।जय मुनीश गुण ज्ञान दिवाकर॥
भृगुकुल मुकुट विकट रणधीरा।क्षत्रिय तेज मुख संत शरीरा॥

जमदग्नी सुत रेणुका जाया।तेज प्रताप सकल जग छाया॥
मास बैसाख सित पच्छ उदारा।तृतीया पुनर्वसु मनुहारा॥

प्रहर प्रथम निशा शीत न घामा।तिथि प्रदोष व्यापि सुखधामा॥
तब ऋषि कुटीर रूदन शिशु कीन्हा।रेणुका कोखि जनम हरि लीन्हा॥

निज घर उच्च ग्रह छः ठाढ़े।मिथुन राशि राहु सुख गाढ़े॥
तेज-ज्ञान मिल नर तनु धारा।जमदग्नी घर ब्रह्म अवतारा॥

धरा राम शिशु पावन नामा।नाम जपत जग लह विश्रामा॥
भाल त्रिपुण्ड जटा सिर सुन्दर।कांधे मुंज जनेऊ मनहर॥

मंजु मेखला कटि मृगछाला।रूद्र माला बर वक्ष विशाला॥
पीत बसन सुन्दर तनु सोहें।कंध तुणीर धनुष मन मोहें॥

वेद-पुराण-श्रुति-स्मृति ज्ञाता।क्रोध रूप तुम जग विख्याता॥
दायें हाथ श्रीपरशु उठावा।वेद-संहिता बायें सुहावा॥

विद्यावान गुण ज्ञान अपारा।शास्त्र-शस्त्र दोउ पर अधिकारा॥
भुवन चारिदस अरु नवखंडा।चहुं दिशि सुयश प्रताप प्रचंडा॥

एक बार गणपति के संगा।जूझे भृगुकुल कमल पतंगा॥
दांत तोड़ रण कीन्ह विरामा।एक दंत गणपति भयो नामा॥

कार्तवीर्य अर्जुन भूपाला।सहस्रबाहु दुर्जन विकराला॥
सुरगऊ लखि जमदग्नी पांहीं।रखिहहुं निज घर ठानि मन मांहीं॥

मिली न मांगि तब कीन्ह लड़ाई।भयो पराजित जगत हंसाई॥
तन खल हृदय भई रिस गाढ़ी।रिपुता मुनि सौं अतिसय बाढ़ी॥

ऋषिवर रहे ध्यान लवलीना।तिन्ह पर शक्तिघात नृप कीन्हा॥
लगत शक्ति जमदग्नी निपाता।मनहुं क्षत्रिकुल बाम विधाता॥

पितु-बध मातु-रूदन सुनि भारा।भा अति क्रोध मन शोक अपारा॥
कर गहि तीक्षण परशु कराला।दुष्ट हनन कीन्हेउ तत्काला॥

क्षत्रिय रुधिर पितु तर्पण कीन्हा।पितु-बध प्रतिशोध सुत लीन्हा॥
इक्कीस बार भू क्षत्रिय बिहीनी।छीन धरा बिप्रन्ह कहँ दीनी॥

जुग त्रेता कर चरित सुहाई।शिव-धनु भंग कीन्ह रघुराई॥
गुरु धनु भंजक रिपु करि जाना।तब समूल नाश ताहि ठाना॥

कर जोरि तब राम रघुराई।बिनय कीन्ही पुनि शक्ति दिखाई॥
भीष्म द्रोण कर्ण बलवन्ता।भये शिष्या द्वापर महँ अनन्ता॥

शास्त्र विद्या देह सुयश कमावा।गुरु प्रताप दिगन्त फिरावा॥
चारों युग तव महिमा गाई।सुर मुनि मनुज दनुज समुदाई॥

दे कश्यप सों संपदा भाई।तप कीन्हा महेन्द्र गिरि जाई॥
अब लौं लीन समाधि नाथा।सकल लोक नावइ नित माथा॥

चारों वर्ण एक सम जाना।समदर्शी प्रभु तुम भगवाना॥
ललहिं चारि फल शरण तुम्हारी।देव दनुज नर भूप भिखारी॥

जो यह पढ़ै श्री परशु चालीसा।तिन्ह अनुकूल सदा गौरीसा॥

पूर्णेन्दु निसि बासर स्वामी।बसहु हृदय प्रभु अन्तरयामी॥

॥ दोहा ॥
परशुराम को चारू चरित,मेटत सकल अज्ञान।
शरण पड़े को देत प्रभु,सदा सुयश सम्मान॥

॥ श्लोक ॥
भृगुदेव कुलं भानुं,सहस्रबाहुर्मर्दनम्।
रेणुका नयना नंदं,परशुंवन्दे विप्रधनम्॥

## Parshuram Chalisa in English

**|| Doha ||**
**Shree guru charan saroj chhavi, nij man mandir dhaari.**
**Sumiri Gajanan Sharada, gahi aashish Tripurari.**

**Buddhihin jan janiye, avguno ka bhandar.**
**Barano Parshuram suyash, nij mati ke anusar.**

**|| Chaupai ||**
**Jai Prabhu Parshuram sukh sagar. Jai Munish gun gyaan divakar.**
**Bhrigukul mukut vikat randheera. Kshatriya tej mukh sant shareera.**

**Jamdagni sut Renuka jaya. Tej pratap sakal jag chhaya.**
**Maas Baisakh sit pachh udara. Tritiya Punarvasu manuhara.**

**Prahar pratham nisha sheet na ghama. Tithi pradosh vyapi sukh dhama.**
**Tab rishi kutir rudan shishu keenha. Renuka kokh janam Hari leenha.**

**Nij ghar uchch grah chhah thadhe. Mithun rashi Rahu sukh gadhe.**
**Tej-gyaan mil nar tanu dhaara. Jamdagni ghar Brahma avataara.**

**Dhara Ram shishu paavan nama. Naam japat jag lah vishrama.**
**Bhaal tripund jata sir sundar. Kandhe munj janeu manohar.**

**Manju mekhal kati mrugchaala. Rudra mala bar vaksha vishala.**
**Peet basan sundar tanu sohe. Kandh tuneer dhanush man mohe.**

**Ved-Puran-Shruti-Smriti gyata. Krodh roop tum jag vikhyata.**
**Dayen haath ShriParshu uthava. Ved-Samhita baayen suhava.**

**Vidyavaan gun gyaan apaara. Shastra-shastra dou par adhikaara.**
**Bhuvan charidas aru navkhanda. Chahun disi suyash pratap prachanda.**

**Ek bar Ganapati ke sanga. Jujhe Bhrigukul kamal patanga.**
**Daant todh ran keenha virama. Ek dant Ganapati bhayo nama.**

**Karta Virya Arjun bhupala. Sahasrabahu durjan vikrala.**
**Sur gau lakh Jamdagni paanhi. Rakhihoon nij ghar thaani man maahi.**

**Mili na maangi tab keenh ladai. Bhayo parajit jagat hansai.**
**Tan khal hriday bhayi ris gadhi. Riputa muni saun atisay badhi.**

**Rishivar rahe dhyan lavlina. Tinh par shaktighaat nrip keenha.**
**Lagat shakti Jamdagni nipata. Manahu kshatrikul baam vidhata.**

**Pitu-badh maatu-rudan suni bhaara. Bha ati krodh man shok apaara.**
**Kar gahi tikshan parshu karala. Dusht hanan keenhoon tatkaala.**

**Kshatriya rudhir pitu tarpan keenha. Pitu-badh pratishodh sut leenha.**
**Ikkees baar bhu kshatriya bihiinhi. Chheen dhara bipranh kahn deeni.**

**Jug Treta kar charit suhaai. Shiv-dhanu bhanj keenh Raghurai.**
**Guru dhanu bhanjak ripu kari jaana. Tab samool naash taahi thaana.**

**Kar jor tab Ram Raghurai. Binay keenhi puni shakti dikhai.**
**Bheeshm Drona Karn balvanta. Bhaye shishya Dwapar mah ananta.**

**Shastra vidya deh suyash kamava. Guru pratap digant firava.**
**Chaaron yug tav mahima gaai. Sur muni manuj danuj samudaai.**

**De Kashyap so sampada bhaai. Tap keenha Mahendra giri jaai.**
**Ab laun leen samaadhi naatha. Sakal lok naavai nit maatha.**

**Chaaron varna ek sam jaana. Samdarshi Prabhu tum Bhagwana.**
**Lalhin chaar fal sharan tumhari. Dev danuj nar bhoot bhikhari.**

**Jo yah padhe Shri Parshu Chalisa. Tinh anukool sada Gaurisa.**
**Purnendu nisi basar Swami. Basahu hriday Prabhu antaryami.**

**|| Doha ||**
**Parshuram ko chaaru charit, metat sakal agyaan.**
**Sharan pade ko det Prabhu, sada suyash sammaan.**

**|| Shlok ||**
**Bhrigudev kulam bhaanum, Sahasrabahum mardanam.**
**Renuka nayana nandam, Parashumvande vipradhanm.**